Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Pen urban cooperative bank Mumbai scam and to release money to its customers.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रायगढ़ में पेन-अर्बन कोऑपरेटिव बैंक है, जिसमें कई करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था । 17 अक्टूबर, 2015 को रिजर्व बैंक के आदेश से एक समिति गठित की गई थी । वह समिति उसकी जांच कर रही है । इस बैंक में कुल 758 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था । उस बैंक में करीब 1,71,369 ग्राहकों का 614 करोड़ रुपये डिपॉजिट था । उस बैंक में कई सारे फर्जी खाते खोले गए थे । इस घोटाले में बैंक के डायरेक्टर और वहां के एनसीपी के लोकल कार्यकर्ता शामिल थे ।

महोदय, पेन-अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में डिपॉजिट करने वाले कई ग्राहक गरीब, मजदूर तथा किसान हैं । इस बैंक के सभी डिपॉजिटर्स उम्मीद कर रहे हैं कि वित्त मंत्रालय द्वारा उनको न्याय मिलेगा । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस घोटाले में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की जाए । इस बैंक पर ई.डी. द्वारा जो रोक लगाई गई है, उसको हटाकर उन ग्राहकों का पैसा वापस किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।